भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा लेखा विभाग

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

<u>संदेश</u>

14 सितम्बर, हिन्दी दिवस के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हमारे देश में अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं जिनमें से 22 भाषाओं को अष्टम अनुसूची में स्थान दिया गया है। इनमें से हिन्दी भाषा किसी न किसी रुप में पूरे देश में बोली व समझी जाती है। यह देश के लोगों को आपस में बांधे रखती है। संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। अतः राजकीय कार्यों को हिन्दी में करना हमारा सांवैधानिक दायित्व है। हिंदी दिवस का आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पग है।

हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव भी है। विश्व की उन्नत भाषाओं में हिंदी भाषा सबसे ज्यादा व्यवस्थित और वैज्ञानिक भाषा है। सरल शब्दों में कहा जाए तो हम जो लिखते हैं, वही बोलते हैं और उसका अर्थ भी वही होता है जबकि अन्य भाषाओं में ऐसा नहीं होता, वहां बोला कुछ और जाता और अर्थ कई बार भिन्न होता है। हिन्दी में काम करना आसान है, आवश्यकता केवल अपनी मनोवृत्ति को बदलने की है। सही मायने में हिन्दी वह भाषा है जो सहज और सरल रुप में जुबान पर आ जाए। आज अनेक शब्द ऐसे हैं जो मूलतः अन्य भाषाओं के होते हुए भी हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं। अतः हमें अपना अधिकाधिक सरकारी काम काज हिन्दी में करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए ।

हमने अनुभव किया कि पिछले कुछ वर्षों से विभाग में हिंदी में किए जा रहे कार्यों में बहुत वृद्धि हुई है। हिंदी में टिप्पण, 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के साथ हिंदी में पत्र व्यवहार एवं हिंदी में गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन इस दिशा में किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम सभी अपना अधिकांश सरकारी कार्य राजभाषा हिन्दी में करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे तथा संविधान निर्माताओं के सपने को साकार रुप देंगे ।

जय हिंद !

रक्षा लेखा महानियंत्रक

हिंदी दिवस, 2021

रक्षा लेखा महानियंत्रक CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
उलन बटार रोड़, पालम, दिल्ली छावनी-110010 Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010
Ph. : 011-25665500, 25665555 Fax : 011-25674806. 25674821 Email : cgdanewdelhi@nic.in Web : www.cgda.nic.in